अग्निशमन डेमो का आयोजन

विद्यार्थियों को प्रशिक्षण देती दमकल विभाग की टीम। स्रोत : स्कूल

सोनीपत (वि)। ऋषिकुल विद्यापीठ सोनीपत में विद्यार्थियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अग्निशमन (फायर सेफ्टी) डेमो का आयोजन किया गया। इसमें हरियाणा सरकार के अग्निशमन विभाग के फायर इमरजेंसी सर्विस ट्रेनिंग ऑफिसर शमशेर सिंह सैनी ने टीम के साथ आग के विभिन्न प्रकारों एवं उनसे बचाव के उपायों की जानकारी देते हुए प्रशिक्षण प्रदान किया। विद्यालय के चेयरमैन एसके शर्मा ने कहा कि विद्यार्थियों की सुरक्षा सर्वोपरि है। प्रधानाचार्य उमेश कुमार ने बताया कि अग्निशमन सेफ्टी प्रशिक्षण छात्रों के लिए अत्यंत आवश्यक है।